# खाद्य प्रसंस्करण की 10 नई परियोजनाएं मंजूर

- एप्रेजल कमेटी की बैठक में प्रस्ताव को हरी झंडी
- रेडी टू कुक उत्पाद व फ्रोजन फ्रूट्स इकाइयां लगेंगी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं एवं प्रोत्साहनों के चलते खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां तेजी से लगाई जा रही हैं। एप्रेजल कमेटी की बैठक में 10 नई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई एप्रेजल कमेटी की बैठक में पोर्टल पर प्राप्त 12 नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें से 10 परियोजनाओं को लगाने की मंजूरी दे दी गई है। जिन परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी दी गई है, उनमें कैटल फीड, अनाज एवं रिफाइंड मसाले, मूंगफली प्रसंस्करण, फ्रोजन एवं अन्य खाद्य उत्पाद, रेडी-टू-कुक उत्पाद, तेल-आटा-दाल-बेसन निर्माण, दाल मिल व फ्रोजन फ्रूट्स एवं वेजिटेबल प्रोसेसिंग जैसी इकाइयां शामिल हैं। सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का भी प्रस्ताव है यानी सौर ऊर्जा से इन नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त निवेश प्रस्तावों के समयबद्ध परीक्षण एवं अनुमोदन की प्रक्रिया निरंतर जारी है।